# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

26 मई 2025, सोमवार

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के नांदेड में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**मोदी जी की अगुआई में भारत अब निर्णायक नेतृत्व वाला देश है जो आतंकी हमलों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और 'ऑपरेशन सिंदूर' से देता है।**

******************

**छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि कह कर जाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।**

******************

**ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत की सेना, जनता और सीमाओं से टकराने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।**

******************

**अब अगर पाकिस्तान ने आतंक फैलाने की हिमाकत की तो जवाब ऐसा मिलेगा कि उसकी पुश्तें याद करेंगी।**

******************

**भारत की बहनों-बेटियों के माथे के सिंदूर को कोई मिटाने का प्रयास करेगा, तो उसे खून से जवाब देना पड़ेगा।**

******************

**यदि आज बाला साहब होते तो ऑपरेशन सिंदूर के लिए मोदी जी को गले लगा लेते।**

******************

**बहुत दुर्भाग्य की बात है कि दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए बने 'सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल' को उद्धव सेना 'बारात' कह रही है।**

******************

**मराठवाड़ा वॉटर ग्रिड प्रोजेक्ट से मराठवाड़ा के हर गांव और खेत तक पानी पहुंचेगा।**

******************

**भाजपा सरकार महाराष्ट्र को पुनः देश का नंबर एक राज्य बनाएगी।**

******************

**दशकों तक सत्ता में रहे शरद पवार जी ने मराठी भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा देने की मांग को अनसुना किया, जबकि मोदी जी ने 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा देकर मराठी भाषा का गौरव बढ़ाया।**

******************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज सोमवार को महाराष्ट्र के नांदेड में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख किया और बताया कि **भारत अब कमजोर नहीं बल्कि निर्णायक नेतृत्व वाला देश है जो आतंकी हमलों का जवाब सर्जिकल और एयर स्ट्राइक से देता है।** श्री शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' की भी जानकारी देते हुए 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र सरकार में मंत्री श्री अतुल सावे, प्रदेश अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर बावनकुले, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री रवींद्र चव्हाण, राज्य सभा सांसद श्री अशोक चव्हाण, राज्य सभा सांसद श्री अजीत गोपछड़े सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि वे न केवल पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं, बल्कि पुनः चुनकर भी आए हैं। **कुछ दिन पूर्व 22 तारीख को, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की चुन-चुनकर निर्मम हत्या की। इस कायराना हमले के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार की जनसभा से स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी थी कि 'आतंकी चाहे जहां भी छिपे हों, उन्हें ढूंढ-ढूंढकर मिट्टी में मिलाया जाएगा।'** पाकिस्तान यह भूल गया था कि अब वह भारत नहीं रहा, जहां कांग्रेस की कमजोर सरकारें हुआ करती थीं। पिछले 11 वर्षों से देश में **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जिसने हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है।** जब उरी में आतंकी हमला हुआ तो पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से उसका उत्तर दिया गया, पुलवामा में हुए आतंकी हमले का उत्तर 'एयर स्ट्राइक' से दिया गया। **अब जब पहलगाम में कायराना हमला हुआ तो भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैकड़ों आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है कि भारत की सेना, जनता और सीमाओं से टकराने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि हमारे निर्दोष नागरिकों पर हमला होगा, तो उसका जवाब गोली से नहीं बल्कि गोले से दिया जाएगा।** 7 मई को रात्रि 1 बजकर 4 मिनट पर हमारी सेना ने 22 मिनट में नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया। **8 मई को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल से हमला करने की कोशिश की, लेकिन हमारी वायु सुरक्षा प्रणाली इतनी मजबूत थी कि एक भी मिसाइल या ड्रोन भारतीय जमीन को छू तक नहीं सका।** 9 मई को भारतीय सेना ने उन हवाई अड्डों और एयर डिफेंस सिस्टम को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया जहां से पाकिस्तान ने हमला किया था। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम देकर यह संदेश दिया है कि भारत की बहनों-बेटियों के माथे का सिंदूर सस्ता नहीं है। यदि कोई उसे मिटाने का प्रयास करेगा, तो उसे खून से जवाब मिलेगा।** ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल हमारी सीमाओं की सुरक्षा को दुनिया के सामने सिद्ध किया है बल्कि **यह भी साबित कर दिया है कि अब यह नया भारत है जो 2047 तक ऐसा राष्ट्र बनेगा जिसकी ओर कोई आंख उठाकर देखने की हिम्मत न कर सके।**

श्री शाह ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था, उसी समय एक और अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सक्रिय था, जो भारत की रणनीतिक क्षमता और संकल्प का प्रतीक है। **छत्तीसगढ़ में 5000 फुट ऊंची पहाड़ी पर स्थित नक्सलवादियों के अड्डों को सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस और**

**बीएसएफ ने मिलकर ध्वस्त कर दिया है। इस अभियान में पहले 27 और फिर 31 नक्सली मारे गए, जिसके बाद अब तक कुल 36 और नक्सली ढेर किए जा चुके हैं**। कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और कई गिरफ्तार भी हुए हैं। **31 मार्च 2026 तक इस देश की धरती से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा**। श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वह सिंधु जल समझौता भी रद्द कर दिया है जो कभी जवाहरलाल नेहरू ने किया था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।** पाकिस्तान के साथ सभी व्यापारिक रास्ते बंद कर दिए गए हैं, क्योंकि **'ट्रेड और टेरर' एक साथ नहीं चल सकते।** अगर पकिस्तान ने आतंक फैलाने की हिमाकत की तो जवाब ऐसा मिलेगा जो उसकि पुश्ते याद करेंगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह निर्णय लिया कि यह केवल केंद्र का मसला नहीं है, बल्कि पूरे देश का विषय है। इसीलिए सभी दलों के सांसदों का एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाकर उन्हें दुनिया के देशों में भेजा जाएगा, ताकि पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा वैश्विक मंच पर उजागर किया जा सके। जब यह निर्णय हुआ, तो **उद्धव सेना के एक प्रमुख नेता ने कहा, 'ये कौन सी बारात जा रही है, मुझे समझ में नहीं आता।'** यह वही पार्टी है, जो कभी बाला साहब ठाकरे की पार्टी हुआ करती थी, **यदि आज बाला साहब होते तो ऑपरेशन सिंदूर के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को गले लगा लेते। यह दुर्भाग्य है कि उद्धव सेना के नेता अब ऐसे राष्ट्रहित के प्रयासों को 'बारात' कहने का काम कर रहे हैं।**

श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने एक बड़ा कार्यक्रम शुरू किया था ताकि मराठवाड़ा क्षेत्र के अकालग्रस्त इलाके को पानी से समृद्ध किया जा सके। **2019 में 40,000 करोड़ रुपये की लागत से मराठवाड़ा वॉटर ग्रिड प्रोजेक्ट शुरू किया गया, जिसके अंतर्गत 11 प्रमुख बांधों को पाइपलाइन से जोड़कर मराठवाड़ा के हर गांव और खेत तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई** लेकिन बीच में महाविकास अघाड़ी की सरकार बन गई और इस योजना को रोक दिया गया। **अब जब श्री देवेंद्र फडणवीस पुनः मुख्यमंत्री बने हैं, तो अगले पांच वर्षों में मराठवाड़ा के हर गांव और खेत में पानी पहुंचेगा।** यह वही भूमि है जो सम्राट अशोक के समय से लगातार सूखे की मार झेलती रही है लेकिन अब यह पानी से लबालब हो जाएगी। **कोंकण का पानी अब मराठवाड़ा के गांवों, घरों और खेतों तक पहुंचेगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मराठी भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा देकर उसका गौरव बढ़ाया है।** यह मांग वर्षों से की जा रही थी लेकिन शरद पवार जैसे नेता जो वर्षों तक केंद्र सरकार में मंत्री रहे, इसे पूरा नहीं कर सके। प्रधानमंत्री जी ने मराठी भाषा का मान बढ़ाने का कार्य करके समस्त महाराष्ट्रवासियों के सम्मान को ऊंचाई दी है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में श्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा की सरकार महाराष्ट्र को पुनः देश का नंबर एक राज्य बनाने की दिशा में कार्य करेगी। माननीय **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह तय कर लिया है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में शिवाजी महाराज, लोकमान्य तिलक और सावरकर जी की पावन भूमि महाराष्ट्र का सबसे बड़ा योगदान रहेगा।** देश में सबसे पहले विकसित राज्य के रूप में महाराष्ट्र उभरेगा और वही मार्ग भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में ले जाएगा।

********************